हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 15 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 टेंडर को बीता एक साल, सड़क कागजों में, पलेरा में...



07 जयकारों से गुंजायमान हुआ माता का दरबार...



खबर संक्षेप

जहरीली शराब कांड के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन आज



सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में जहरीली शराब कांड से हुई मौतों और अस्पतालों में जहरीली शराब पीने से भर्ती मरीजों के लिए आवाज उठाने घनघोरिया सागर आ रहे हैं। और इसके दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर युवा कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन, घेराव किया जाएगा। इस आयोजन में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया सागर आ रहे हैं जो पीड़ित परिवारों के लिए आवाज उठाएंगे। जिसमें युवा कांग्रेस के साथ सभी कांग्रेसी भी शामिल होंगे उक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता कमलेश तिवारी ने बताया कि सोमवार 15 सितंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे कैंट शॉपिंग मॉल, सिविल लाइन के पास जहरीली शराब बंद करो, मासूमों को न्याय दो के नारे के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के नेतृत्व में सभी शामिल होंगे। सभी कांग्रेस जनों से उपस्थित होने की अपील की है ।

70वीं राज्यस्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता 16 सितंबर से

सागर। 70 वी राज्यस्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता 16 सितंबर से सागर में आयोजित की जाएगी जिसमें 200 से अधिक 14 एवं 17 वर्ष की छात्र-छात्राएं प्रतियोगी खिलाड़ी शामिल होगे। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग श्री शत्रुंजय प्रताप सिंह ने बताया कि लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेश अनुसार 70 वे राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 16 सितंबर से 20 सितंबर तक सागर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें 14 एवं 17 वर्ष के बालक बालिका प्रतियोगी शामिल होंगे एवं 100 से अधिक ऑफिसर्स शामिल होंगे । उन्होंने बताया कि कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है जिसमें शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, प्राचार्य शिक्षक एवं खेल शिक्षक शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 14 एवं 17 वर्ष की बैडमिंटन प्रतियोगिताएं सागर की सिटी स्टेडियम एवं खेल परिसर में संपन्न होंगी एवं मध्य प्रदेश से आने वाले प्रतियोगियों के लिए एवं ऑफिसर्स के लिए रोकने के लिए भी अलग-अलग व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगियों को खेल मैदान तक ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी कराई गई है जिससे कि उनको आवागमन में सुविधा हो सके।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

बीएमसी पहुंचे खाद्य मंत्री, मरीजों और परिजनों से की मुलाकात

तीन दिन के अंदर दूषित शराब से पीड़ित परिवार के खाते में पहुंचेगी मुआवजा राशि : मंत्री गोविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बण्डा क्षेत्र में दूषित शराब के सेवन से बीमार हुए लोगों का हाल जानने के लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति के संबंध में चर्चा की। मंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना से सरकार बेहद गंभीर है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।मंत्री राजपूत ने कहा कि दूषित शराब के सेवन से जिन लोगों की मृत्यु हुई है अथवा जो प्रभावित हुए हैं, उनके परिवारों को तीन दिन के अंदर मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पीड़ितों के पास संबल कार्ड नहीं है, उन्हें भी नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बीएमसी के निरीक्षण के दौरान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को सुनील विश्वकर्मा, सुल्तान सिंह, गोविंद अहिरवार नाम के तीन मरीजों की आंखों में अधिक परेशानी होने की जानकारी मिली।



मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल बेहतर उपचार के लिए तीनों मरीजों को भोपाल भेजने की व्यवस्था कराई। मंत्री ने दूरभाष पर भोपाल एम्स के चिकित्सकों से चर्चा कर मरीजों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की और उन्हें तत्काल भोपाल भेजा गया। मंत्री ने कहा कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और सरकार उपचार का पूरा ध्यान रखेगी।

दूषित शराब मामले में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई पर मंत्री राजपूत ने संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस तथा प्रशासन पूरी ताकत के साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।मंत्री राजपूत ने कहा कि इस दुखद घटना में जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति सरकार की गहरी संवेदनाएं हैं। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को जिस भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी, सरकार उसे उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। बैठक में घटना, मरीजों के उपचार, पीड़ित परिवारों को दी जा रही सहायता तथा आरोपियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।



पूर्व मंत्री भार्गव ने भक्तों को भेंट की मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं

गढ़ाकोटा। गणेश उत्सव के अवसर पर रहली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव की पहल पर शुद्ध मिट्टी से निर्मित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को भेंट की गईं। गढ़ाकोटा, रहली एवं शाहपुर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तों को प्रतिमाओं के साथ प्रथम पूजन के लिए पूजन सामग्री एवं राशि भी प्रदान की गई। गढ़ाकोटा में गणेश टॉकीज परिसर में विधायक गोपाल भार्गव के निज सचिव डॉ. केके खरे एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने श्रद्धालुओं को मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का वितरण किया। प्रतिमा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उत्साह के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं अपने घर ले गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का वितरण हमारी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सुंदर संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव आस्था और भक्ति का पर्व है, ऐसे में पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं को बढ़ावा देना समाज के लिए सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम के दौरान बाजार में गणेश प्रतिमाएं लेने पहुंचे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। भक्त श्रद्धापूर्वक आकर्षक गणेश प्रतिमाएं अपने घर ले जाते नजर आए। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी मजबूत किया।



दिग्विजय सिंह से कांग्रेसजनों ने की सागर की राजनीति पर चर्चा

सागर। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सागर प्रवास के बाद सेवादल परिवार के सदस्य भोपाल स्थित उनके कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कांग्रेसजनों एवं सेवादल कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय सिंह से सनातन स्वाभिमान यात्रा, सागर जिले की राजनीति और सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।इस अवसर पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मोहासा, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदेश महासचिव विजय साहू, नितिन पचौरी, लल्ला यादव, प्रद्युम्न सिंह और राजकुमार पटेल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

अपराध नियंत्रण के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाएं पुलिस की सक्रियता : आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन ने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले की अपराध स्थिति एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में जिले की भौगोलिक स्थिति, थाना क्षेत्रवार अपराध के पैटर्न, संवेदनशील क्षेत्रों और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली गई। आईजी ने अपराधों की रोकथाम के साथ ही आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीआईजी सागर रेंज शशिंद्र चौहान, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, एएसपी बीना जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी सागर नरेंद्र सोलंकी, प्रशिक्षु आईपीएस दीपांशु सहित जिले के सभी एसडीओपी, रक्षित निरीक्षक और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



थाना क्षेत्रवार अपराधों की समीक्षा

एसपी अनुराग सुजानिया ने आईजी को जिले की भौगोलिक स्थिति, थाना क्षेत्रवार कानून-व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों और अपराध की प्रकृति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई से भी अवगत कराया।

आईजी ने गंभीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण और आदतन अपराधियों की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करने तथा सूचना तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

त्योहारों को लेकर सतर्कता के निर्देश

आगामी त्योहारों एवं विभिन्न आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आईजी ने शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां करने को कहा। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, अवैध शराब और मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई, लंबित शिकायतों के निराकरण तथा आमजन की शिकायतों पर त्वरित एवं संवेदन शील कार्रवाई को लेकर भी चर्चा हुई। आईजी ने अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सतत भ्रमण कर अपराध घटित होने से पहले उसकी रोकथाम के लिए सक्रिय एवं परिणाममुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बच्चों ने मिट्टी से बनाए इको फ्रेंडली गणेश दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रहली। सांदीपनि विद्यालय रहली में इको क्लब की गतिविधि के तहत पर्यावरण जागरूकता और रचनात्मक कौशल विकास के उद्देश्य से मिट्टी के गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्राथमिक विंग के करीब 103 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यशाला में बच्चों ने मिट्टी से आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बनाईं। मूर्तिकार आशीष सेन ने विद्यार्थियों को प्रतिमा निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य दिलीप चौबे ने बच्चों को प्लास्टर ऑफ पेरिस की बजाय मिट्टी के गणेश स्थापित करने और जलस्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने की शपथ दिलाई। उन्होंने मूर्तिकार आशीष सेन को सम्मानित भी किया।शिक्षिका आकांक्षा विश्वकर्मा ने पीपल के पत्तों से गणेश प्रतिमा बनाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य सहित विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अंजुला रतन को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान



खुरई। दिल्ली पब्लिक सेकेंडरी स्कूल, खुरई की प्राचार्य डॉ. अंजुला रतन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समर्पित सेवाओं, प्रभावी नेतृत्व तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत नेशनल लीडरशिप अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत एजुकेशन लीडरशिप कॉन्क्लेव एवं नेशनल अवार्ड्स 2026 के दौरान 13 सितंबर 2026 को आई आई एल एम विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में प्रदान किया गया। डॉ. अंजुला रतन को यह राष्ट्रीय सम्मान विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा शिक्षण में उत्कृष्टता, नवाचार, नेतृत्व और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रदान किया गया। डॉ. अंजुला रतन के नेतृत्व में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण, प्रतिभा निखारने और जीवन मूल्यों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को नई दिशा देने के उनके प्रयासों को इस सम्मान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

स्कूल-कॉलेज एवं शराब दुकानों के आसपास अतिक्रमण पर संयुक्त कार्रवाई

सागर। नगर पालिक निगम सागर आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार रविवार को जिला प्रशासन, पुलिस बल एवं नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा शहर में संयुक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान स्कूल एवं कॉलेजों के आसपास संचालित ठेले, टपरे एवं गुमटियों को हटाया गया। इसके साथ ही शहर में शराब दुकानों के आसपास अवैध रूप से संचालित अहातों तथा ठेले-गुमटियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया गया। संयुक्त कार्रवाई में गोपालगंज थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार सहित नगर निगम की अतिक्रमण टीम मौजूद रही। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्कूल-कॉलेजों एवं शराब दुकानों के आसपास अनधिकृत रूप से ठेले, गुमटियां अथवा अन्य अतिक्रमण संचालित नहीं होने दिए जाएंगे। शहर को अतिक्रमणमुक्त एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



पीएम श्री स्कूल में बच्चों ने मिट्टी से गढ़े गणेश

रहली। पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल पंढरपुर में बैगलेस डे के अवसर पर इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मिट्टी से आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बनाईं।संस्था प्रभारी मनीष तिवारी ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों की रचनात्मकता और छिपी प्रतिभा निखरती है। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

स्मृति सेवा न्यास ने 18वें वर्ष में दिया पर्यावरण सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी का संदेश

108 मंडलों को भेंट की माटी की गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

बढ़ती आबादी और प्रदूषण के कारण पर्यावरण पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के प्रति जनसामान्य को जागरूक बनाने के लिए त्रिवेणी लखमीचंद स्मृति सेवा न्यास ने सार्वजनिक गणेश स्थापना के 18 वें वर्ष में पर्यावरण की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी का संदेश दिया। पर्यावरण सुरक्षा एवं संवर्धन के प्रति जन सामान्य को जागरूक बनाने के लिए त्रिवेणी-लखमीचंद स्मृति सेवा न्यास ने गणेश उत्सव पर्व पर 180 गणेश मंडलों को माटी से निर्मित गणेश प्रतिमायें भेंट की। जिन्हें देवरी एवं केसली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के नौजवान सदस्यों को पर्यावरण सुरक्षा एवं संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है इस बाबत शपथ दिलाई गई।

देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाजिक संगठन, निराश्रित सेवा सेवा एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर संकल्पित भाव से कार्य कर रहे नगर के श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास प्रतिवर्षानुसार नगर एवं ग्रामीण अंचलों के गणेश मंडलों को मिट्टी से निर्मित 108 गणेश प्रतिमायें एवं पूजन सामग्री भेंट की गई। विगत 2 दशकों से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास द्वारा विगत कई वर्षो से देवरी एवं केसली विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में सामाजिक संगठन एवं भाईचारे के उद्देश्य से गणेश उत्सव पर्व पर ग्रामीण बाल गणेश समितियों को गणेश प्रतिमायें भेंट की जाती है।



सेवा न्यास के संचालक अलकेश जैन ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार स्थानीय लक्ष्मी वार्ड स्थित त्रिवेणी बगीचा परिसर में सेवा न्यास द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली समितियों को स्थापना में मदद के लिए मिट्टी से बनी 108 प्रतिमायें भेंट करने का लक्ष्य रखा गया था जिसे पूर्ण किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरंभ हुआ एवं शाम तक विभिन्न स्थानों से आई गणेश समितियों का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के लिए वनों की सुरक्षा एवं वृक्षारोपण कर परिवेश को हरा-भरा बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक डॉ. भानु राणा ने समिति द्वारा विगत 18 वर्षो से किये जा रहे इस आयोजन की सराहना की।

अलकेश जैन ने बताया कि गणेश उत्सव पर्व सामाजिक संगठन एवं आफसी सौहार्द का त्योहार है जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्ग नजदीक आते है। इस अवसर पर पंडित विजय तिवारी, गौरी पटैल, महेन्द्र जाटव, संजय वर्मा, संजय अरेले ,जगत ठाकुर, विजय तुला, राजा गुप्ता, वैभव खत्री, राजेश लोधी, भगवत यादव, अनिल बिल्थरे, अनिल सेन, मनोज नामदेव, रामबाबू पटैल, गोलू जैन, कुलदीप साहू, निहाल लोधी, अतुल जैन, वीरेंद्र यादव, रमित जारौलिया सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सांदीपनि विद्यालय में संतुलित आहार कार्यशाला

सागर। सांदीपनि विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण के तहत माध्यमिक विंग द्वारा संतुलित आहार कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक के 108 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वयं तैयार किए गए संतुलित आहार के 40 स्टॉल लगाए।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। प्राचार्य दिलीप चौबे ने संतुलित आहार के लाभ बताए। विज्ञान शिक्षिका निर्मला सिंघई ने विद्यार्थियों को प्रोटीन, विटामिन, खनिज लवण और कार्बोहाइड्रेट के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। शिक्षक गोविंद ठाकुर ने फास्ट फूड का कम से कम सेवन करने की सलाह दी।विद्यार्थियों ने आंवला मुरब्बा, गाजर का हलवा, फलों का सलाद, अंकुरित दाल-अनाज, इडली और चना मसाला सहित विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सेजल रैकवार, राधिका सेन, राशि सेन, राजेश पटेल, अनन्या कुर्मी सहित अन्य विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओमकार साहू ने किया।



गुणवत्ता व कथित अनियमितताओं को लेकर उठी आवाज

टेंडर को बीता एक साल, सड़क कागजों में, पलेरा में विकास की रफ्तार पर सवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

नगर परिषद पलेरा में विकास कार्यों की रफ्तार और व्यवस्था को लेकर अब नागरिकों के सवाल लगातार मुखर होने लगे हैं। वार्ड क्रमांक 13 में सीसी सड़क निर्माण का टेंडर हुए करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मौके पर काम शुरू नहीं होना नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सड़क के निर्माण की उम्मीद में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार किया गया, वह टेंडर होने के बाद भी अब निर्माण की शुरुआत का इंतजार कर रही है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से रहवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 में सीसी सड़क निर्माण का टेंडर आकाश अग्रवाल की फर्म को करीब एक वर्ष पहले दिया गया था। इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। रहवासियों का कहना है कि सड़क की समस्या को लेकर नगर परिषद में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर टेंडर जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य को जमीन पर उतरने में इतना लंबा समय क्यों लग रहा है।

बैठक में उठा फर्म को ब्लैकलिस्ट करने का मुद्दा

मामला नगर परिषद की करीब एक माह पूर्व हुई बैठक तक भी पहुंचा था। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद संजू बाबा और नगर परिषद अध्यक्ष की ओर से संबंधित फर्म जैसी फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने का मुद्दा उठाया गया था। यह मुद्दा बैठक के एजेंडे में शामिल होने की बात भी सामने आई, लेकिन प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। इससे निर्माण कार्य में देरी को लेकर सवाल और गहरा गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि किसी ठेकेदार या फर्म द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है तो नगर परिषद को नियमों के तहत स्पष्ट कार्रवाई करनी चाहिए। नागरिकों ने विकास कार्यों में पारदर्शिता के साथ-साथ टेंडर की शर्तों और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

सड़क-नालियों की गुणवत्ता पर भी उठे सवाल

पलेरा में मामला केवल एक सड़क के निर्माण में देरी तक सीमित नहीं है। नगर में पूर्व में हुए सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी नागरिक सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कुछ स्थानों पर निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़कें खराब होने लगीं और जगह-जगह सड़क उखड़ने जैसी शिकायतें सामने आई हैं। नागरिकों का तर्क है कि यदि निर्माण के दौरान तकनीकी मापदंडों और गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जाए तथा निर्माण सामग्री की जांच हो तो सड़कों की उम्र कम समय में खत्म नहीं होनी चाहिए। लोगों ने नगर परिषद द्वारा पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच और गुणवत्ता परीक्षण कराने की मांग की है।

कमीशनखोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग

विकास कार्यों को लेकर नागरिकों की ओर से कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन नागरिकों का कहना है कि यदि किसी निर्माण कार्य में अनियमितता या भ्रष्टाचार हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि विकास कार्य जनता के पैसे से होते हैं। ऐसे में सड़क, नाली सहित प्रत्येक निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। केवल कागजों में कार्य स्वीकृत या टेंडर जारी होने से विकास का उद्देश्य पूरा नहीं होता, बल्कि उसका धरातल पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा होना जरूरी है।

फोथी नामांतरण ने भी बढ़ाई नागरिकों की परेशानी

नगर परिषद की बैठक में नागरिकों से जुड़े एक अन्य मुद्दे फोथी नामांतरण का भी मामला सामने आया। नगर के कई लोगों का कहना है कि उनके परिजनों की मृत्यु हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन संपत्तियों का फोथी नामांतरण अब तक नहीं हो पाया है। इसके चलते वारिसों को अपने ही संपत्ति संबंधी रिकॉर्ड को दुरुस्त कराने कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नागरिकों के अनुसार नगर पंचायत के समय से कई मकान और संपत्तियां नगर परिषद की कर पंजियों में दर्ज हैं। कुछ लोगों का दावा है कि उनकी संपत्तियां दशकों से रिकॉर्ड में दर्ज होने के बावजूद मृतक के नाम से ही चल रही हैं और वारिसों के नाम पर नामांतरण की प्रक्रिया लंबित है। सवाल यह है कि जब नगर परिषद मृत व्यक्तियों के नाम पर संपत्ति कर की वसूली कर रही है तो उनके वैध वारिसों के नाम पर रिकॉर्ड दुरुस्त करने की प्रक्रिया में इतनी देरी क्यों हो रही है।

14 नामांतरण प्रकरणों का मुद्दा भी उठा

फोथी नामांतरण को लेकर मनोनीत पार्षद हरिशंकर ददरिया ने भी करीब 14 नामांतरण प्रकरणों का मुद्दा उठाए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि उन्होंने संबंधित लोगों की समस्या के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि कुछ लोगों ने उन्हें इस मामले में हस्तक्षेप करने से रोकने की कोशिश की। नागरिकों का कहना है कि नामांतरण जैसी प्रक्रिया सीधे आम नागरिकों के अधिकार और संपत्ति संबंधी रिकॉर्ड से जुड़ी है। यदि ऐसे मामलों में राजनीतिक खींचतान या आपसी विवाद हावी होता है तो इसका सीधा असर उन लोगों पर पड़ता है, जो वर्षों से अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अब नागरिकों ने कलेक्टर से नगर परिषद पलेरा के विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की है। इसमें वार्ड 13 की लंबित सीसी सड़क, नगर में कराए गए सीसी सड़क एवं नाली निर्माण की गुणवत्ता, कथित अनियमितताओं तथा फोथी नामांतरण के लंबित प्रकरणों को शामिल करने की मांग की गई है।

टीकमगढ़ से 10 हजार कर्मचारी शामिल होंगे भोपाल आंदोलन में

कर्मचारियों की मांगें नहीं मानीं तो भोपाल में होगा शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी है। भारतीय मजदूर संघ के मध्य प्रदेश सहित सात राज्यों के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सीवी राजेश ने टीकमगढ़ पहुंचकर संगठन की जिला कार्य समिति एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी आंदोलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

टीकमगढ़ प्रवास के दौरान सीव्ही राजेश ने सर्वप्रथम कुण्डेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक एवं पूजन किया। इसके बाद उन्होंने जिला कार्य समिति एवं बीएमएस के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान कर्मचारियों से उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली गई तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में आगामी 26 अक्टूबर को भोपाल में प्रस्तावित राज्य स्तरीय आंदोलन को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। भारतीय मजदूर संघ का कहना है कि संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए निगम-मंडल का गठन, शासकीय सेवकों के लिए दो बच्चों की बाध्यता समाप्त करने, शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा निरस्त कराने अध्यादेश लाने सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर सरकार के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है, लेकिन अभी तक कई महत्वपूर्ण मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हो पाया है।

बीएमएस के अनुसार कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संगठन द्वारा विगत 17 अगस्त को प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे। संगठन ने सरकार से मांगों के स्थायी निराकरण की अपेक्षा जताई है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि यदि 26 अक्टूबर से पहले सरकार कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं करती है तो भोपाल में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। बीएमएस नेताओं के मुताबिक प्रस्तावित आंदोलन में प्रदेशभर से करीब दो लाख कर्मचारियों के भोपाल पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर संगठन ने विभिन्न जिलों में तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में सीव्ही राजेश ने टीकमगढ़ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आंदोलन की तैयारियों को लेकर जानकारी ली और अधिक से अधिक कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन के पुनर्गठन पर भी विचार-विमर्श हुआ। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ और जमीनी स्तर तक मजबूत करने, कर्मचारियों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को संगठन के माध्यम से प्रभावी तरीके से उठाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश संयुक्त मंत्री आशीष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चंदेल, ई-गवर्नेंस आईटी प्रोफेशनल्स के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम दीक्षित एवं राज्य बीज उत्पादक संघ के प्रदेश महामंत्री बृजकिशोर पटैरिया सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बीएमएस के जिला अध्यक्ष नीरज विदुआ ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर लंबे समय से निर्णय नहीं होने के कारण कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि 26 अक्टूबर से पहले सरकार और बीएमएस के बीच सार्थक चर्चा होकर मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होते हैं तो टीकमगढ़ जिले से 5 से 10 हजार कर्मचारी भोपाल पहुंचकर आंदोलन में शामिल होंगे।

जंगल में गिरी बिजली, पलभर में उजड़ गईं पशुपालकों की उम्मीदें





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

देहात थाना क्षेत्र के सुनौरा खिरिया गांव में रविवार शाम मौसम के अचानक बदले मिजाज के बीच आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। गांव से लगे जंगल में नाले के पास गिरी बिजली की चपेट में आने से एक साथ 16 बकरियों की मौत हो गई, जबकि बकरियां चरा रहा 65 वर्षीय पशुपालक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे में कुछ अन्य बकरियां भी घायल हुई हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है।

16 बकरियों की हो गई मौत

बताया गया है कि रविवार शाम पशुपालक गांव से लगे जंगल में नाले के आसपास बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और देखते ही देखते बकरियां इसकी चपेट में आ गईं। बिजली गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में लच्छू पाल भी झुलस गए। परिजन उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार परिवारों की 16 बकरियां मर गईं जिनमे लच्छू पाल की 5 बकरियां, पप्पू पाल की 5, कमल पाल की 3 और काशीराम रजक की 3 बकरियों की मौत हुई है। अचानक हुए इस हादसे से पशुपालकों को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पशुधन की मौत से प्रभावित परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद गांव में भी शोक और चिंता का माहौल है। पशुपालकों का कहना है कि बकरियां उनके परिवारों की आय का महत्वपूर्ण साधन थीं। एक ही घटना में बड़ी संख्या में पशुओं की मौत होने से उन्हें आर्थिक रूप से बड़ा झटका लगा है। हादसे के बाद पीड़ित पशुपालकों ने देहात थाना प्रभारी को आवेदन देकर घटना की जानकारी दी और शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। आवेदन में पशुधन के नुकसान का उल्लेख करते हुए पीड़ितों ने कहा कि बकरियों की मौत से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। पशुपालकों ने प्रशासन से घटना का मौके पर सर्वे कराकर मृत एवं घायल पशुओं का आकलन कराने तथा नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है। अब पीड़ित परिवारों को प्रशासन की ओर से होने वाले नुकसान के आकलन और आर्थिक सहायता का इंतजार है।

दुकान संचालक की शिकायत पर 7 नामजद, वीडियो फुटेज से पुलिस कर रही उपद्रवियों की पहचान

बम्होरी शराब दुकान कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सरपंच समेत 47 पर केस



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी बराना गांव में शराब दुकान में हुई तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शराब दुकान के संचालक राहुल राय द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर दिगौड़ा पुलिस ने गांव के सरपंच दाखीराम लोधी उर्फ टाले सहित 7 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। वहीं मामले में करीब 40 से अधिक अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार 13 अगस्त को बम्होरी बराना गांव में शराब दुकान को लेकर विरोध के दौरान विवाद बढ़ गया था। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण दुकान के सामने जमा हो गए और कथित तौर पर दुकान में तोड़फोड़, मारपीट और आगजनी की घटना हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अनुसार शराब दुकान संचालक राहुल राय की शिकायत पर पुलिस ने दाखीराम लोधी उर्फ टाले, दयाराम लोधी, संतोष लोधी, दलवाई लोधी, राज अहिरवार, राजेंद्र अहिरवार और प्रकाश अहिरवार के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। इसके अलावा घटना में शामिल बताए जा रहे 40 से अधिक अन्य लोगों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इनमें धारा 115(2), 296(बी), 352(3), 324(4), 190, 191(2), 326(एफ), 333 और 287 शामिल हैं। पुलिस अब घटना के दौरान बनाए गए वीडियो और उपलब्ध फुटेज को जांच का आधार बना रही है। फुटेज के जरिए तोड़फोड़, मारपीट और आगजनी में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के साथ उनकी भूमिका भी जांची जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और वीडियो फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शराब दुकान को लेकर शुरू हुआ विरोध किस तरह हिंसक घटना में बदल गया और इसमें कौन-कौन लोग प्रत्यक्ष रूप से शामिल थे, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

जनकल्याणकारी योजनाओं की अलख जगाएंगे राहुल श्रीवास्तव

बड़ागांव धसान। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी योजना प्रचार-प्रसार अभियान मध्यप्रदेश में संगठनात्मक विस्तार किया गया है। इसी क्रम में बड़ागांव धसान निवासी राहुल श्रीवास्तव को अभियान का मध्यप्रदेश प्रदेश सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। अभियान के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बुंदेला द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में राहुल श्रीवास्तव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी की अनुशंसा पर सौंपी गई है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के साथ करते हुए अभियान को सागर संभाग में मजबूती प्रदान करेंगे। उक्त नियुक्ति के साथ राहुल श्रीवास्तव को सागर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी भी दी गई है। उन्हें जनपद स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यकारिणियों के गठन के लिए कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। संगठन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनहितैषी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके। इसी उद्देश्य को लेकर संगठनात्मक ढांचे को गांव-गांव तक मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। राहुल श्रीवास्तव की नियुक्ति से उनके समर्थकों एवं क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के बाद उन्होंने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। अब सागर संभाग के विभिन्न जिलों में संगठन का विस्तार और योजनाओं के प्रचार-प्रसार की गतिविधियों को गति देने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी।





लव-कुश जयंती पर गूंजे जयकारे कुशवाहा समाज ने निकाली शोभायात्रा

पलेरा। भगवान लव-कुश जयंती के अवसर पर रविवार को पलेरा नगर में कुशवाहा समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। डीजे की धुन और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में महिलाओं, युवाओं और समाज के वरिष्ठजनों की भी बड़ी मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के गणेश गार्डन में किया गया, जहां कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। इस दौरान वक्ताओं ने भगवान लव-कुश के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकजुटता, सामाजिक समरसता और समाज के उत्थान की दिशा में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इसके बाद भगवान लव-कुश के जयकारों के साथ शोभायात्रा धूमधाम से नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल समाजजन भक्ति गीतों पर उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या एवं भाजपा पार्षद मुकेश यादव ने फूल बरसाकर शोभायात्रा में शामिल समाजजनों का स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। समाज की महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। भगवान लव-कुश के जयकारों से नगर के प्रमुख मार्ग गूंजते रहे। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

दो दर्जन से ज्यादा सजे पंडाल, प्राचीन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश

जयकारों व ढोल-नगाड़ों के बीच पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सोमवार को पूरा टीकमगढ़ गणपति भक्ति में रंगा नजर आया। शहर के गली-मोहल्लों से लेकर प्रमुख चौराहों और बाजारों तक गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। ढोल-नगाड़ों की थाप, धार्मिक गीतों पर झूमते युवा और फूलों से सजी गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्राओं ने शहर के माहौल को भक्तिमय बना दिया। रविवार रात से ही सार्वजनिक पंडालों में प्रतिमा स्थापना की तैयारियां शुरू हो गई थीं। युवा मंडल ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते हुए भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पंडालों तक लेकर पहुंचे। सोमवार को शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शहर में दो दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों, चौराहों और कॉलोनियों में आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। वहीं घरों में भी लोगों ने मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना शुरू की। रविवार को प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए बाजारों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही, जबकि सोमवार सुबह भी लोग अपने घरों के लिए प्रतिमाएं खरीदते नजर आए।

गणेश चतुर्थी को लेकर शहर के प्राचीन गणेश मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। पुलिस लाइन स्थित ऐतिहासिक सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में सोमवार सुबह भगवान श्री गणेश का विशेष अभिषेक कर विधि-विधान से पूजन किया गया। मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। शाम को भगवान का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। अगले 10 दिनों तक मंदिर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुंडेश्वर रोड स्थित करीब 450 वर्ष पुराने प्राचीन बाबरी गणेश मंदिर में भी गणेश उत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। यहां रिद्धि-सिद्धि के साथ विराजमान भगवान गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

बाजारों और चौराहों पर सजे आकर्षक पंडाल

शहर के कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, गांधी चौक और जवाहर चौक सहित प्रमुख व्यापारिक एवं व्यस्त क्षेत्रों में स्थानीय समितियों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से पंडालों को नया स्वरूप दिया गया है। शाम होते ही रोशनी से जगमगाते पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। युवा मंडलों ने इस बार पंडालों और झांकियों को केवल धार्मिक स्वरूप तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि कई स्थानों पर अलग-अलग थीम के माध्यम से सामाजिक संदेश देने का प्रयास किया गया है। कुछ मंडलों ने जंगल, पहाड़ और वन्यजीवों पर आधारित झांकियां तैयार की हैं। इन झांकियों के जरिए लोगों को प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और अधिक से अधिक पौधरोपण का संदेश दिया जा रहा है।

ईको फ्रेंडली प्रतिमाओं की बढ़ी मांग

इस बार गणेश उत्सव में पर्यावरण को लेकर भी जागरूकता देखने को मिल रही है। मिट्टी से बनी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की मांग काफी अधिक रही। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये श्रद्धालुओं ने पर्यावरण को नुकसान से बचाने के उद्देश्य से मिट्टी की प्रतिमाओं को प्राथमिकता दी। घरों में स्थापित की गईं इन प्रतिमाओं के साथ लोगों ने गणपति की आराधना शुरू कर दी है।

10 दिनों तक चलेगा भक्ति और उत्सव का सिलसिला: गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ उत्सव अगले दस दिनों तक शहर में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण बनाए रखेगा। घरों और सार्वजनिक पंडालों में प्रतिदिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण होगा। कई पंडालों में भजन, कीर्तन, धार्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। गणेशोत्सव के चलते शहर में शाम के समय पंडालों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने लगी है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग गणपति के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

मां पार्वती का मेला आयोजित,कई गांवो से आए पदयात्रियों ने झंडे चढ़ाए


जयकारों से गुंजायमान हुआ माता का दरबार, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चंबल के बीहड़ों में विराजित मां पार्वती मंदिर पर सोमवार को वार्षिक धार्मिक मेला आयोजित किया गया। मेले में 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां पार्वती के दरबार में पहुंचकर हाजरी लगाई। इस दौरान मां पार्वती का दरबार माता के जयकारों से दिनभर गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं का दर्शन करने के लिए माता के दरबार में आने का क्रम सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। वहीं मां के दरबार में सर्पदंश से पीड़ति लोगों के बंध भी काटे गए।

बीहड़ों के बीच विराजी मां पार्वती के मंदिर पर परंपरागत धार्मिक मेले का आयोजन जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत जमूर्दी के तत्वावधान में सोमवार की सुबह मंदिर में मंगल आरती के साथ हुआ। मेले में सबलगढ़, विजयपुर, वीरपुर, श्यामपुर, रघुनाथपुर, ओछापुरा, टर्राकलां, ढोढर, खिरखिरी,बिलौनी,श्योपुर सहित अन्य कई कस्बों और गांवों से श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। सूरज चढने के साथ ही मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ के साथ मेला स्थल पर रौनक बढ़ती गई। मां के दरबार में पहुंची महिलाओं ने मां पार्वती के चरणों में सुहाग सामग्री अर्पित कर अखंड सुहाग का वरदान मांगा। क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर तमाम गांवों से आए पदयात्रियों ने झंडे चढ़ाए। दिनभर माता पार्वती के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं मंदिर में दर्शन करने के बाद श्रद्धालु दुकानों से श्रद्धालुओं ने शाम को सूर्यास्त के पहले ही मेला स्थल से सभी लोगों ने अपने घरों की और रवानगी डाल दी और शाम होने से पहले ही मंदिर सहित मैदान सुनसान हो गया। परंपरा के अनुसार इस दिन शाम ढलने के बाद किसी भी इंसान का रहना निषेध है। मंदिर पुजारी भी रात के समय नहीं रूकते। मेले के अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रबंध के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर में पहुंचने श्रद्धालुओं के लिए कई संगठनों की ओर से भी जल पान आदि व्यवस्था की गई।





सर्पदंश से पीड़ित लोगो के काटे गए बंध

सोमवार को इस मेला पर्व के दौरान सर्प बाधित पीडितों और रोगियों के बंधों को काटने का उपक्रम भी परंपरानुसार किया गया। मान्यता है कि किसी भी व्यक्ति को यदि सांप-बिच्छू, कुत्ता या अन्य कोई जहरीला जीव-जंतु काट ले और घाव पर माता के नाम का बंध बांध दिया जाए तो विष का प्रभाव खुद ही समाप्त हो जाता है। पार्वती माता का नाम लेकर बांधे जाने वाले यही बंध इस एक दिवसीय मेला पर्व के दौरान मंदिर परिसर में काटे जाते हैं। इस बार भी सैकड़ों पीडितों के बंध मेले के दौरान काटे गए।



धर्मप्रेमी लोंगो ने श्रद्धालुओं के लिए लगाए भंडारे

मां पार्वती के मेले में दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के भोजन के लिए भंडारे आयोजित किए गए। इस बार आधा दर्जन के करीब भंडारे आयोजित किए गए,जिनमें एक भंडारा तो श्री मदन मोहन भक्त मंडल रघुनाथपुर के द्वारा आयोजित किया गया। जबकि अन्य भंडारे जर्मूदी, ढोढर और श्यामपुर सहित अन्य गांवों के धर्मप्रेमी लोगों के द्वारा आयोजित किए गए।

शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मना भगवान गणेश का जन्मोत्सव

घर-घर विराजे विघ्न विनाशक, सजे दरबार, मंदिरों में दर्शनों को लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव सोमवार को शहर समेत जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न गणेश मंदिरों पर पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। वहीं शहर में कई स्थानों पर भगवान श्री गणेश के दरबार सज गए है। जहां चल समारोह निकालकर भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई।

शहर के टोडी बाजार स्थित गणेश मंदिर, चौपड़ गणेश मंदिर सहित शहर के अनेक छोटे-बडे मंदिरों पर आज विशेष सजावट की गई। यूं तो नगर के सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, किन्तु टोडी गणेश मंदिर पर धर्मप्रेमी लोगों की भीड़ इस कदर उमड़ी कि श्रद्धालुओं को दर्शनों एवं पूजा-अर्चना के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगना पड़ा। तब कहीं जाकर श्रद्धालु गणेशजी की पूजा कर पाए। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर गणेशजी की प्रिय मिठाई लड्डुओं (मोदक) का भोग लगाया। इसके अलावा घर-घर में भी भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर उनका आव्हान किया और लड्डुओं का भोग लगाया। टोडी गणेश मंदिर सहित कई मंदिरों पर झांकियां भी लगाई जाएंगी। आज गणेशजी की शोभायात्रा निकालकर उन्हें निर्धारित जगहों पर स्थापित किया गया। गणेश मंदिरों पर दिनभर गणपति बप्पा मोरिया, देवा ओ देवा गणपति देवा,जय गणेश-जय गणेश देवा आदि धार्मिक गीत वातावरण में गुंजाइमान होते रहे। उधर बाजार में बड़ी संख्या में लड्डूओं की दुकाने लगी। अधिकतर मिष्ठान भंडारों की दुकान पर सिर्फ लड्डूओं की ही बिक्री हुई तो मंदिरों के पास बड़ी संख्या में हाथ ठेलो और थड़ो पर भी लड्डुओं की दुकाने लगाई गई। भगवान गणेशजी को भोग लगाने के बाद लड्डुओं का वितरण मंदिर के बाहर खड़े भक्तों और बच्चों में किया गया।





छात्रावास में हुई गणेश स्थापना

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास श्योपुर में बालिकाओं द्वारा निर्मित मिट्टी के गणेश जी की स्थापना पूजा अर्चना के साथ की गई है। इस मौके डीईओ यश जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर भगवान गणपति की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान वार्डन मालाश्रीवास्तव तथा हॉस्टल स्टाफ व छात्राए भी मौजूद रही। डीईओ जैन ने इस दौरान छात्राओ से संवाद करते हुए उनसे भगवान श्री गणेश की कहानियां भी सुनी।

10 दिनों तक चलेगा उत्सव

गणेश चतुर्थी के दिन ही शहर सहित जिले भर में युवाओं और धार्मिक संगठनों ने गणेश जी के दरबार सजा दिए हैं जहां बाहर से लाई गई गणेश जी की आकर्षक मूर्ति पूजा अर्चना के बाद स्थापित कर दी इन दरबारो में रोजाना धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां करीब आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर गणेश जी के दरबार सजाए गए हैं बड़ौदा में भी भगवान गणपति के दरबार सजाए गए है। जहां रोजाना कार्यक्रम आयोजित करने के बाद अनंत चतुर्थी को मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से परिवार को मिला संबल



श्योपुर। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाय) विषम परिस्थिति में गरीबों का संबल बन रही है। इसकी बानगी सोमवार को एसबीआई की स्टेशन रोड वाली शाखा में तब देखने को मिली जब एक बिमित महिला बैंक ग्राहक की मौत पर उसके पति को बैंक प्रबंधन ने बीमा राशि के दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

ग्राम बहरावदा निवासी कुंती बाई पत्नी बनवारी सुमन की करीब एक वर्ष पूर्व सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। मृतिका का भारतीय स्टेट बैंक (**SBI**) स्टेशन रोड श्योपुर में बचत खाता था, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सालाना 436 का बीमा करा रखा था। शाखा प्रबंधक राजीव वर्मा ने बताया कि पत्नी की मृत्यु के बाद उनके पति बनवारी सुमन को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पात्र बचत खाताधारक सालाना 436 रुपए के प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर मिलता है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार नॉमिनी को बीमा राशि दी जाती है। उन्होंने सभी खाताधारकों से योजना का लाभ लेने और अपने परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की अपील की

वीरपुर पुलिस ने गांजा के साथ एक आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वीरपुर थाना पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को पकडा है। वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर श्यारदा से आगे नहर रोड से हनीफ पुत्र बाबू खान निवासी वीरपुर को दबोचा है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 265 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 13 हजार 150 रूपए बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जबकि महेश जाटव निवासी मूसरियापुरा को 18 क्वार्टर अवैध शराब के साथ अरेस्ट किया गया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सीप नदी किनारे पंडित घाट पर होगा मुख्य दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम



श्योपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को भव्य दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम सीप नदी किनारे पंडित घाट पर शाम 07 बजे से आयोजित होगा। इसके साथ ही अन्य प्रमुख स्थानों पर भी दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा सोमवार को पंडित घाट सहित श्रीराम मंदिर परिसर, जति घाट आदि स्थानों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य एवं शिवलाल शाक्य, नगरपालिका सीएमओ नरेन्द्र जाटव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

चरने के लिए जंगल में छोडी भैंसे हो गई चोरी

श्योपुर। चरने के लिए जंगल में छोडी गई भैसे चोरी हो गई। यह मामला देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मल्होत्रा का है। पुलिस ने भैस चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है,लेकिन फिलहाल भैस चोरों का कोई अता पता नहीं है। ग्राम मल्होत्रा निवासी बलराम पुत्र गुलाब बंजारा ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत 9 सितंबर को भैस कुल नग 11 चरने के लिए जंगल में छोडी थी। लेकिन जंगल में चरने के दौरान भैसो को कोई चोरी करके ले गया। जिसका पता उन्हें भैसो के जंगल से नहीं लौटने और फिर उनकी अपने स्तर से खोजबीन करने के दौरान चला। पुलिस ने भैस चोरी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

यूथ इंटरेक्शन सेंशन कार्यक्रम 17 को

श्योपुर। क्रिएटिव श्योपुर पहल के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों के क्रम में युवा संवाद पर आधारित अगला कार्यक्रम युवा है वायु- यूथ इंटरेक्शन सेंशन 17 सितंबर को पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर में आयोजित किया जायेगा।

ग्राम भारती शिक्षा समिति श्योपुर की समिति बैठक व प्रधानाचार्य बैठक संपन्न

शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का भी माध्यम है सरस्वती शिशु मंदिर:रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है यह बात ग्राम भारती शिक्षा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह रघुवंशी ने रविवार को सोंईकलां स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित ग्राम भारती शिक्षा समिति की जिला स्तरीय बैठक और प्रधानाचार्य बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों एवं कार्यकर्ताओं से समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया।बैठक में ग्राम भारती शिक्षा समिति श्योपुर के सचिव अरुण कुमार दांतरे,कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल गुप्ता, सह सचिव सुधाकर पचौरी, जिला प्रभारी कृष्णवीर लोधी, सहित समिति सदस्य, प्रधानाचार्य एवं संयोजक मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष रघुवंशी ने विद्यालयों में 25 सितम्बर को नमामि भारतम कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा की उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में समिति की भूमिका, विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, आगामी कार्ययोजना, संस्कारयुक्त शिक्षा तथा विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों के अनुभव एवं सुझाव भी साझा किए।



कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

छुट्टी के दिन इलाज के इंतजार मे बैठे मरीजों को कलेक्टर ने कराया जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को कलेक्टर शीला दाहिमा अचानक जिला अस्पताल पहुंच गई, जहां उन्हें कुछ मरीज इलाज के लिए इंतजार करते मिले। ऐसे मरीजो का कलेक्टर ने तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराकर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

सोमवार को कलेक्टर शीला दाहिमा जब जिला अस्पताल पहुंची तब गणेश चतुर्थी के अवकाश के कारण अधिकतर डॉक्टर छुट्टी पर ही थे लेकिन जिस तरह मौसमी बीमारियां फैल रही है उससे अस्पताल में छुट्टी के बावजूद अच्छे खासे मरीज इलाज के लिए पहुंच गए। ऐसे ही कुछ मरीज कलेक्टर को जिला अस्पताल के गेट पर ही इलाज का इंतजार करते मिले जिस पर कलेक्टर ने उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से परीक्षण करवाने के बाद पर्याप्त इलाज हेतु भर्ती कराया। इसी क्रम में सरजूपुरा बछेरी से आई मनकंवर बाई ने कलेक्टर को बताया कि उसके पैर में लंबे समय से दर्द है और बार-बार दवा गोली खाने के बाद दर्द तो काम हो जाता है लेकिन मर्ज खत्म नहीं होता है। मौके पर मौजूद सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने महिला का परीक्षण कर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया और बताया कि उनका एक्सरे कराकर देखा जाएगा। ऑपरेशन की जरुरत पड़ी तो वो भी जिला अस्पताल में ही कर देंगे। इसी तरह मठेपुरा गांव से आए बाबू बैरवा अस्पताल में घबराहट की स्थिति में थे जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने करते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल को निर्देशित किया कि मरीज का समुचित इलाज होना चाहिए और जरूरत अनुसार जांच भी अस्पताल से निशुल्क कराई जाए। इसी तरह कुछ मरीजों से कलेक्टर ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा तो अधिकतर लोगों ने व्यवस्था से संतुष्टि जताई इसके बाद कलेक्टर ने वार्ड का भ्रमण किया और वार्ड में भर्ती मरीजों से इलाज के बारे में जानकारी ली। बच्चों के वार्ड में पहुंचने पर उन्होंने झरेर गांव से आई आदिवासी बालिका सलोनी पुत्री भोला आदिवासी के इलाज संबंधित जानकारी ली। डॉ संजय मंगल ने बताया कि बच्ची के दिमाग पर बुखार चढ़ गया है, इसलिए उसे झटके आ रहे हैं नींद की दवाइयां दी गई है दो-तीन दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी कलेक्टर ने समुचित इलाज के साथ-साथ निर्देशित किया कि जरूरत पड़ने पर बच्ची को इलाज के लिए जिले से बाहर ले जाया जाए।



ब्लड बैंक से संबंधित जानकारी ली

कलेक्टर जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया और रक्त स्टोरेज क्षमता एवं वर्तमान में स्टोर किया किए गए रक्त की जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि ब्लड बैंक में विभिन्न शिविरों के माध्यम से संग्रहित होने वाले रक्त को स्टोर करके रखा जाता है और जरूरत पड़ने पर मरीज को चढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि अधिकतर मरीजों के परिजनों से रक्त के बदले रक्त डोनेट कराया जाता है। ताकि अस्पताल में रक्त की कमी ना हो लेकिन जिस तरह हमारे क्षेत्र खास कर कराहल बेल्ट के आदिवासी और गर्भवती महिलाएं जो हाई रिस्क में आती है उन्हें तत्काल रक्त चढ़ाना पढ़ता है और उनके परिजन भी रक्त देने की स्थिति में नहीं होते हैं इसलिए उन्हें शिविरों के माध्यम से एकत्रित होने वाले रक्त को चढाना पड़ता है। कलेक्टर ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी ली और शिविर में व्यवस्था बनाने के निर्देश सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को दिए।

एसएनसीयू का भ्रमण कर ली जानकारी

कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान एसएनसीयू का भी भ्रमण किया। उन्होंने एसएनसीयू में भर्ती नवजात शिशुओ की जानकारी ली शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संजय मंगल ने बताया कि ऐसे बच्चे जो समय से पहले जन्म लेते हैं जिनकी मृत्यु की संभावना अधिक होती है या फिर ऐसे बच्चे प्रसव के दौरान जिनके स्वास नली में पानी भर जाने के कारण अथवा पीलिया जैसी संक्रमित बीमारी हो जाने के कारण उन्हें एसएनसीयू में रखा जाता है। यहां बार्मर में बच्चों को निर्धारित मापदंड अनुसार तापमान देकर उनका जीवन बचाने का काम किया जाता है। यह उपकरण शिशु मृत्यु दर में कमी लाने मे सहायक है। बच्चों को समय-समय पर स्तनपान भी कराया जाता है इसके लिए माताओ को जो जच्चा वार्ड में भर्ती रहती हैं समय समय पर बुलाया भी जाता है सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि इस वार्ड में ऑक्सीजन और लाइट सप्लाई की अलग से व्यवस्था है लाइट जाने पर ऑटोमेटिक जनरेटर से लाइट शुरू हो जाती है बिजली की कमी ना आए इसलिए अतिरिक्त जनरेटर भी रखे गए हैं।

श्योपुर से गए तीन डीएसपी, आए चार नए डीएसपी

श्योपुर को लंबे समय बाद मिले अजाक डीएसपी और महिला सुरक्षा डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर


श्योपुर जिले के पुलिस विभाग में लंबे समय से खाली चल रहे अजाक डीएसपी और महिला सुरक्षा डीएसपी के पद अब भर गए है। पीएचक्यू के द्वारा श्योपुर में अजाक डीएसपी और महिला डीएसपी के रूप में काफी दिनों के बाद पुलिस अधिकारियों की नई पदस्थापना कर दी गई है। जिसके चलते श्योपुर जिले के पुलिस विभाग में विभागीय कामकाज की चाल बढने की उम्मीद बंध गई है।

उल्लेखनीय है कि भोपाल स्तर से हालही में डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है। इस तबादला सूची में श्योपुर जिले को चार नए डीएसपी मिले है। वहीं श्योपुर जिले में पदस्थ तीन डीएसपी का तबादला दूसरे जिलों में कर दिया गया है। श्योपुर से स्थानांतरित किए गए तीन डीएसपी में श्योपुर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल और बडौदा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे डीएसपी सतीश सिंह चौहान शामिल है। बताया गया है कि एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता का तबादला पुलिस मुख्यालय भोपाल कर दिया गया है। जबकि उनकी जगह गुना में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी आनंद कुमार राय को श्योपुर एसडीओपी बनाया गया है। डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल को श्योपुर से सीहोर एसडीओपी बना दिया गया है और उनकी जगह विजय सिंह तोमर को अजाक डीएसपी ग्वालियर से श्योपुर में पदस्थ किया गया है। डीएसपी सतीश सिंह चौहान को श्योपुर से स्थानांतरित करते हुए भिंड जिले में महिला सुरक्षा डीएसपी बना दिया गया है। वहीं श्योपुर में काफी दिनों से खाली पडे महिला सुरक्षा डीएसपी के रूप में शिव सिंह यादव को भिंड से श्योपुर में नई पदस्थापना दी गई है। इसके साथही डीएसपी ओमप्रकाश आर्य को गुना से स्थानांतरित करते हुए श्योपुर में अजाक डीएसपी के रूप में पदस्थ कर दिया गया है।

माली समाज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष बने राजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर परिषद बडौदा में सांसद प्रतिनिधी राजू सुमन को माली समाज नवयुवक मंडल बडौदा का अध्यक्ष भी बना दिया गया है। बडौदा में आयोजित माली समाज के युवाओं की सामाजिक बैठक के दौरान राजू सुमन को नव युवक मंडल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सर्वसम्मति से सौंपी गई। राजू को यह जिम्मेदारी सौपे जाने पर समाज के युवाओं में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। इस सामाजिक जिम्मेदारी के सौपे जाने पर राजू सुमन ने समाजीय बंधुओ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वे उनके द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी सक्रियता और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज की एकता को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगे।



खबर संक्षेप

अलग-अलग कारणों से तीन लोगों की मौत

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत अलग अलग कारणों से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों घटनाओं में मर्ग के मामले दर्ज किए हैं और मामले की जांच की जा रही हैं। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी कमली पत्नि नीतेश अहिरवार उम्र 23 साल ने अपने ही कच्चे घर के उपर की अटारी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली , पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है। इसी प्रकार दूसरी घटना मुंगावली थाने के अंतग्रत ग्राम ढिमरोली की है, यहां मोहन पुत्र गोरेलाल आदिवासी उम्र 40 साल को सर्प ने डस लिया था जिसे उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत हैं जहां जरखर निवासी रतन बाई पत्नि परमाल यादव उम्र 60 साल की पेड़ के गिरने से नीचे दबने से मौत हो गई।

एकल महिला समिति ने माटी के गणेश निर्माण का दिया प्रशिक्षण



अशोकनगर। एकल महिला समिति एवं एकल संच अशोकनगर के सहयोग से रघुवंशी युवा संघ के तत्वावधान में विद्यालयों के आचार्यों एवं बच्चों के लिए माटी के गणेश जी निर्माण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में आचार्यों एवं बच्चों ने अपने हाथों से माटी के गणेश जी निर्मित किए और संकल्प लिया कि"हम अपने घरों में प्राकृतिक रूप से निर्मित गणेश जी की ही स्थापना करेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल गणेश प्रतिमा बनाना नहीं, बल्कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षण प्राप्त आचार्य अपने- अपने विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को भी माटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देंगे, ताकि यह पर्यावरण संरक्षण का संदेश अधिक से अधिक बच्चों और परिवारों तक पहुँच सके। इस अवसर पर एकल महिला समिति अशोकनगर द्वारा सभी आचार्यों को पीतल की चैकी भेंट कर सम्मानित किया गया। माटी के गणेश प्रकृति का सम्मान, पर्यावरण बचाएँ, प्राकृतिक गणेश अपनाएँ। एकल महिला समिति अशोकनगर की ओर से सभी आचार्यों, बच्चों एवं रघुवंशी युवा संघ का हार्दिक आभार एवं बहुत-बहुत धन्यवाद। गंगा रघुवंशी, सावित्री रघुवंशी, रेखा रघुवंशी, रामेति रघुवंशी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

खुजराई के विद्यालय का निरीक्षण किया

अशोकनगर। पिछले दिनों 11 सितंबर को ग्राम खुजराई में मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया था। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा ग्राम खुजराई के विद्यालय का निरीक्षण किया गया था जो जीर्ण शीर्ण होना पाया था। जिसके बाद कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की।

भगवान लव-कुश जयंती पर गुना में निकला भव्य चल समारोह

जयकारों से गूंजा शहर, पुष्पवर्षा के साथ किया गया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लवकुश की जयंती के अवसर पर शहर में अपार उत्साह और श्रद्धा के साथ विशाल चल समारोह व शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक मर्यादा और अनुशासन के साथ आयोजित इस चल समारोह में कुशवाह समाज बंधुओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। शोभायात्रा की शुरुआत सुबह कुशवाह नगर वार्ड क्रमांक 7 स्थित श्री लवकुश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य चल समारोह प्रारंभ होकर कुशवाहा नगर हनुमान मंदिर, मरई माता मंदिर, आसमानी माता मंदिर, हनुमंता मंदिर, ख्यावदा चौराहा, बोहरा मस्जिद, मानस भवन, जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, निचला बाजार, हाट रोड और हनुमान चौराहा होते हुए अंबेडकर भवन मार्ग से गुजरा। चल समारोह में सबसे बड़ा आकर्षण भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण जी की नयनाभिराम झांकी और भगवान लवकुश की भव्य बग्गी रही, जिस पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।

मार्गभर में धर्म ध्वजाएं लहराते और जयकारे लगाते समाजजन चल रहे थे। चल समारोह का भव्य समापन प्रीतम वाटिका में एक मंचीय कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भारत सिंह, विधायक कैलाश कुशवाह तथा कुशवाह समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह मंचासीन रहे। अतिथियों ने भगवान लवकुश के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षा, एकता और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। आयोजकों द्वारा पूर्व में की गई नशामुक्ति और मर्यादा बनाए रखने की अपील का असर पूरे आयोजन के दौरान स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जिससे पूरा चल समारोह अत्यंत शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

टेकरी से चकदेवपुर तक निकली 30 किमी लंबी भव्य पदयात्रा

शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बाबा रामदेव जी महाराज का जन्मोत्सव भाद्रपद माह की द्वितीया (दौज) के अवसर पर अपार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बंजारा एवं नायक समाज द्वारा संयुक्त रूप से एक विशाल और भव्य जुलूस सह पदयात्रा का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का शुभारंभ शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हनुमान टेकरी से हुआ। इसके पश्चात जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों—बूढ़े बालाजी, हनुमंता मंदिर, ख्यावदा चौराहा और हनुमान चौराहा से होते हुए आगे बढ़ा। जयकारों के साथ श्रद्धालु करीब 30 किलोमीटर की लंबी पदयात्रा तय कर ग्राम चकदेवपुर स्थित बाबा रामदेव जी के प्राचीन मंदिर पहुंचे, जहां महाआरती और पूजा-अर्चना के साथ जुलूस का समापन हुआ।

करीब 10 स्थानों पर गणेश जी की झांकियां

जर्जर सड़कों और गंदे पानी से श्रद्धालुओं की राह होगी मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

इतिहास और पर्यटन नगरी चंदेरी में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर में करीब 10 स्थानों पर भगवान गणेश की झांकियां सजाई जाएंगी। गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए शाम के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर शहर की कई प्रमुख सड़कों पर बने गडडे और जलभराव श्रद्धालुओं की राह में परेशानी खड़ी कर सकते हैं। कई स्थानों पर सड़क के बीच बड़े-बड़े गडडे हो गए हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गणेश उत्सव के दौरान झांकियों के आसपास शाम से देर रात तक लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में खराब सड़क व्यवस्था के कारण यातायात प्रभावित होने और हादसे की आशंका भी बनी हुई है। शहर के खिड़की दरवाजा क्षेत्र में सड़क के बीच बड़े गडडे दिखाई दे रहे हैं। यहां से प्रतिदिन स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक और बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी गुजरते हैं। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने पर ये गडडे और अधिक खतरनाक साबित हो सकते हैं।

शहर में थाने के पास सड़क के बीचों-बीच भी गडडा हो गया है। इस मार्ग से लगातार वाहनों की आवाजाही रहती है। गणेश झांकियों के दर्शन के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर यहां यातायात का दबाव भी बढ़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहार से पहले इन गडडों की मरम्मत कराई जानी चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

संकट मोचन मंदिर मार्ग पर गंदा पानी

संकट मोचन मंदिर जाने वाले मार्ग की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क के बीच जमा रहता है। इससे सड़क पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी रहती है। मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। गणेश उत्सव के दौरान भीड़ बढ़ने पर लोगों को गंदे पानी के बीच से निकलना पड़ सकता है।

दिल्ली दरवाजा चैराहे पर भी गडडे शहर के प्रमुख दिल्ली दरवाजा चैराहे पर भी सड़क खराब होने लगी है और जगह-जगह गडडे दिखाई दे रहे हैं। यह क्षेत्र शहर के प्रमुख आवागमन वाले मार्गों में शामिल है। गणेश झांकियों के दौरान यहां पैदल श्रद्धालुओं और वाहनों की संख्या बढ़ने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

उत्सव से पहले मरम्मत की जरूरत गणेश उत्सव के दौरान चंदेरी में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। शहर के प्रमुख मार्गों से होकर लोग अलग-अलग स्थानों पर सजाई जाने वाली झांकियों के दर्शन के लिए जाएंगे। ऐसे में स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि उत्सव शुरू होने से पहले प्रमुख मार्गों के गडडों को भरवाया जाए, सड़क पर जमा गंदे पानी की निकासी कराई जाए और झांकी वाले क्षेत्रों में साफ-सफाई व पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पगारा फैक्ट्री के पास हादसा, कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

गुना। शहर के कैंट पुलिस क्षेत्र अंतर्गत गुना-अशोकनगर रोड पर स्थित पगारा फैक्ट्री के सामने एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नारायणपुरा निवासी फरियादी भीमसिंह बंजारा (35) शुक्रवार दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से शाढ़ौरा काम से जा रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे पगारा फैक्ट्री के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 04-4019 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में भीमसिंह नीचे गिर गए, जिससे उनके हाथ व कोहनी में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद घायल को शाढ़ौरा सरकारी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर

गुना। जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मेट्रो होटल के सामने शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी। जामनेर निवासी फरियादी जितेंद्र सिंह मीना (42) अपनी कार से बजरंगगढ़ की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे सर्विस रोड पर जाम होने के कारण वे रुके हुए थे, तभी इंदौर की ओर से आए ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार के ड्राइवर साइड जोरदार टक्कर दे दी। हादसे में कार के दोनों दरवाजे और बॉडी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लगभग 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ। घटना के प्रत्यक्षदर्शी बंटी चौकसे व सर्जन मीना रहे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फर्जी आइएएस की ठगी पर पुलिस का शिकंजा, 4 लाख का फर्नीचर बरामद

ठगी की राशि से खरीदा था फर्नीचर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना चंदेरी पुलिस द्वारा फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार की धोखाधड़ी करने वाली आरोपिया तृप्ति सिंह राजपूत के ससुराल स्थित घर से ठगी की राशि से खरीदा गया लगभग 4 लाख रुपये कीमत का फर्नीचर बरामद किया गया है।

पूछताछ में सामने आया ठगी की राशि के उपयोग का विवरण

दिनांक 23.08.2026 को थाना चंदेरी पुलिस द्वारा आरोपिया तृप्ति सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर धोखाधड़ी के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपिया द्वारा ठगी से प्राप्त राशि का उपयोग आईफोन मोबाइल खरीदने, होटल में ठहरने तथा अपने ससुराल स्थित घर में फर्नीचर लगवाने में किया जाना बताया गया। आरोपिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना चंदेरी पुलिस टीम द्वारा अलकापुरी कॉलोनी, भोपाल स्थित उसके ससुराल वाले घर पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। वहां आरोपिया द्वारा अपने ससुर रामबाबू सिंह राजपूत के समक्ष पेश किए जाने पर कुल 4 लाख रुपये कीमत का फर्नीचर बरामद किया गया। ठगी की राशि से अर्जित संपत्ति की पहचान कर उसकी बरामदगी की गई कार्रवाई अशोकनगर पुलिस की त्वरित, प्रभावी एवं परिणामपरक कार्रवाई को दर्शाती है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को सरकारी अधिकारी अथवा किसी प्रतिष्ठित संस्था का अधिकारी बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर धनराशि की मांग करता है, तो किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान न करें। ऐसे व्यक्तियों के संबंध में तत्काल निकटतम पुलिस थाने को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।



शराबबंदी की मांग को लेकर आदिवासी महिलाओं का चक्काजाम

ईसागढ़। जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्हेटी में शराबबंदी की मांग को लेकर आदिवासी महिलाओं ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले कल भी एक गांव की महिलाओं ने चक्का जाम किया था। महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री और इसके कारण परिवारों पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को लेकर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि गांव में शराब को उपलब्धता के कारण परिवारों को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर गांव के माहौल पर भी पड़ रहा है। महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री पर रोक लगाने और अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने प्रशासन से गांव में शराब बिक्री की जांच कराने और नियमों का बंधन करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सड़क पर चक्काजाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। चकाराम को सूचना मिलने पर कदवाया थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई का आधासन दिया। इसके बाद महिलाओं को समझाइश देकर चकाजाम समात कराने का प्रयास किया गया।

पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर नगर पालिका की कार्रवाई

दो डेयरियों से 25 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त 3500 रुपए का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी के आदेशानुसार नपा की टीम ने शनिवार को पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर अशोकनगर रोड कैंट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की।

स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने दुकानों का निरीक्षण करते हुए मदन डेयरी तथा महेश डेयरी एंड स्वीट्स पर कार्रवाई की। टीम ने दोनों संस्थानों से 25 किलो 500 ग्राम प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन जप्त की, जिसका बाजार मूल्य लगभग 5,500 रुपये है। प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग करने पर दुकानदारों से 3500 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। स्वच्छता निरीक्षक ने मदन डेयरी सहित अन्य सभी दुकानदारों को भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनः उल्लंघन पाए जाने पर और अधिक राशि का जुर्माना लगाया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान शोभित जादौन, सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट से राजेश माझी आदि मौजूद रहे।

चंदेरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया



चंदेरी। जिले के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को चंदेरी में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया इसका उद्देश्य आम जन को सुलभ त्वरित और सुगम न्याय व्यवस्था उपलब्ध कराना था। न्यायालय चंदेरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड चंदेरी महेन्द्र सिंह, एवं व्यवहार-नयायाधीश प्रथम वरिष्ठ खंड अदिती कैथवास एवं समस्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला अपर न्यायाधीश वीरेन्द्र वर्मा के न्यायालय में आपसी समझौते के आधार पर हिन्दू विवाह अधिनियम के 07 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमती के आधार पर विवाद समाप्त कर पक्षकारों को माला पहनाकर राजीनामा कराया गया। तथा विद्युत के चार प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं प्रिलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के 25 प्रकरणों का पराक्रम्य समझौते के आधार पर किया गया जिसमे 11,20,226 की वसूली की गई। नगर पालिका के 4 लाख 81 हजार रुपये को भवन कर एवं जल कर के रूप में राशि जमा की गई। न्यायालय में एक संवेदनशील पारिवारिक विवाद का निराकरण किया गया जिसमें पति-पत्नी को समझाने पर बरसों से लंबित मामले को सुलझाया गया पति-पत्नी दोनों राजी खुशी फूल माला पहनकर खुशी-खुशी घर गए।

जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चंदेरी पुलिस ने ग्राम रक्तेरा निवासी पूरन आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की चंदेरी पुलिस ने भांडरी निवासी भैयासाब लोधी के पास से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम कैथाई निवासी प्रदूमन केवट के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की सेहराई पुलिस ने सेहराई निवासी दीपक मोगिया के पास से 5 लीटर तथा कचनार पुलिस ने बेरखेडी निवासी दिलिप केवट के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

जैन मिलन राघौगढ़ ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

राघौगढ़। जैन मिलन राघौगढ़ द्वारा सिंघई नेमीचंद जैन पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से स्व. डॉ. विनोद कुमार जैन की पुण्यस्मृति में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम राघौगढ़ नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री श्रमण सागर जी एवं मुनि श्री ओंकार सागर महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन भारतीय जैन मिलन के विजय कुमार जैन, जैन समाज अध्यक्ष अशोक कुमार मारिल्य सुभाष चंद्र चौधरी, जितेंद्र कुमार जैन, राजीव कुमार जैन एवं आकाश जैन द्वारा किया गया। अंतिम जैन एवं शिल्पा रावत ने संगीतमय पूजन का वाचन किया।

श्वेतांबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व भक्ति भाव से मनाया जा रहा

भगवान महावीर के जन्म से दीक्षा तक के वर्णन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री श्वेतांबर जैन समाज के पर्वधिराज पर्युषण महापर्व बड़े ही भक्ति भाव से बनाए जा रहे, जिसके अंतर्गत नित्य प्रतिक्रमण, प्रार्थना, अभिषेक, प्रवचन एवं पूजन आरती भक्ति एवं धार्मिक कार्यक्रम श्रावक जी के सानिध्य में हो रहे हैं। यह पर्युषण पर्व का छटवा दिन था

पर्वधिराज पर्युषण महापर्व के छटे दिवस कल्प सूत्र में भगवान महावीर स्वामी के जन्म से लेकर दीक्षा तक का वर्णन श्रावक जी द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि कल्पसूत्र में हम भगवान



महावीर स्वामी के जीवन का विस्तृत वर्णन सुनते हैं एवं इसके अंदर भगवान के दिव्य आदर्श चरित्र सुनते हैं। इस वचन के माध्यम से हमें भगवान महावीर स्वामी के जन्म त्याग तपस्या ज्ञान और मोक्ष की ओर अग्रसर होने यात्रा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म के उपरांत 63 दिकुमारिया 64 इंद्र असंख्य देवों के साथ मेरु पर्वत की शिखर पर एक भव्य एवं दिव्य जन्मोत्सव का आयोजन करते हैं। संपूर्ण लोक मंगलमय वातावरण से गूंज उठता है और प्रभु के जन्म का उल्लास देव गणों द्वारा अनंत आनंद के साथ मनाया जाता है। श्रावक आगे कहते हैं कि प्रभु वीर ने दीक्षा के बाद अनेकों उपसर्ग झेले जैसे कटपूतना व्यंतर का उपसर्ग, शूलपड़ी का उपसर्ग, संगम देव का उपसर्ग आदि यह सब उनकी त्याग और तपस्या की परीक्षा थी, जिन्हें उन्होंने समभाव से सहन किया।

भगवान महावीर के जीवन के प्रेरक प्रसंग का वर्णन किया गया

भगवान महावीर के जीवन का अत्यंत प्रेरक प्रसंग है चडकौशिक का वर्णन यह कथा हमें सिखाती है कि क्रोध और अहंकार न केवल हमारी शांति छीन लेता है बल्कि हमे ही अंततः पतन की ओर ले जाता है, प्रभु महावीर ने इस प्रसंग से यह संदेश दिया है कि समभाव और क्षमा ही सच्ची शक्ति है। आज के वाचन से हमें प्रभु महावीर के जीवन से अनेक शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने हमें सत्य अहिंसा अपरिग्रह और आदर्श तथा सैद्धांतिक जीवन जीने का मार्ग दिखाया है उनके जीवन से हम सीखते हैं कि सिद्धांतों पर अडिग रहा भी पूर्ण शांति और करुणा के साथ जिया जा सकता है। प्रवचन से पूर्व पालने के लाभार्थी राजेन्द्र कोचर के निज निवास से गाजे बाजे एवं श्रावक जी के सानिध्य में एवं श्री संघ की उपस्थिति में भगवान महावीर स्वामी का पालना एवं स्वप्न जी को लेकर पुनः मंदिर जी में आगमन हुआ।

दोपहर में हुई पंच कल्याणक महा पूजन

श्रावक जी के सानिध्य में दोपहर को श्री शांति स्नात्र पूजन एवं पंच कल्याणक पूजन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से बच्चों ने पूजा का धर्म लाभ लिया, पंच कल्याणक पूजन के लाभार्थी दीपेश कुमार आदिश कुमार अवॉड परिवार ने लिया एवं प्रवचन के पश्चात प्रभावना का लाभ राजमल नितिन कुमार धीर कोठारी परिवार ने लिया।